हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, शनिवार, 6 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 34 .4 डिग्री
न्यूनतम 26 .6 डिग्री

11 कंप्यूटर सहित अन्य सभी लैब अपडेट रखने के निर्देश



12 खेत में घूमने निकले युवक की गला दबाकर हत्या



## खबर संक्षेप

### रमेश वधवा बने टैक्स बार एसो. के प्रधान



**सोनीपत।** सोनीपत जिला टैक्स बार एसोसिएशन सोनीपत के चुनाव संसाधन भवन सेक्टर-12 में हुए। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता अर्जुन देव मित्तल ने की। उन्होंने रमेश वधवा को दोबारा प्रधान बनाए जाने प्रस्ताव रखा। जिसको अधिवक्ता पंकज जैन और एसके जैन ने समर्थन किया और वहां उपस्थित सभी सदस्यों ने इसका स्वागत और समर्थन किया। उपप्रधान पद के लिए संजीव सरदाना, सचिव के लिये सुबोध जैन, सह-सचिव के लिये नीरज जैन, कोषाध्यक्ष के लिये विजय गोयल का सर्वसम्मति से चुनाव किया गया। वहीं शर्मिल जिंदल, सतेंदर शर्मा, योगेश जैन, अतुल जैन को कार्यकारी सदस्य के तौर पर चुना गया। अंशुमन जैन, शरद जैन और अन्य सदस्यों ने नई कार्यकारणी को बधाई दी।

### ट्रक ने बाइक सवार युवकों को कुचला

**सोनीपत।** राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-44 दिल्ली-पानी लाइन में तेज रफ्तार ट्रक चालक ने मोटरसाइकिल को चपेट में ले लिया। मोटरसाइकिल पर सवार दो युवक घायल हो गए। राहगीरों की मदद से घायलों को उपचार के लिए नरेला के राजा हरिश्चंद्र अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उपचार के दौरान एक युवक की मौत हो गई। जबकि दूसरे को उपचार के बाद छुट्टी मिल गई। स्वतंत्र नगर नरेला दिल्ली निवासी राहुल ने बताया कि 4 जुलाई को करीब दो बजे शुभम व भाई जसबीर अपनी बाइक पर सवार होकर मुरथल किसी काम के लिए जा रहे थे। जीटी रोड पर ड्रेन नंबर-8 प्याऊ मनियारी कुंडली के पास पहुंचे। जहां दिल्ली की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें चपेट में ले लिया। उपचार के दौरान शुभम की मौत हो गई। जबकि जसबीर को उपचार के बाद छुट्टी मिल गई।

### कहासुनी में युवक के बोतल मारी, केस

**खरखौदा।** कंवाली गांव में मामूली कहासुनी में एक युवक ने दूसरे युवक को कांच की बोतल मारकर घायल कर दिया। मुकेश कुमार ने बताया कि वह अपने मामा प्रवीन के पास बचपन से ही मंडोरी गांव में रहता है। उसके मामा ने एक टाइल फैक्ट्री लगाई हुई है। जिसका कार्य वह संभालता है। उनके ट्रैक्टर ट्राली में टाइल भरी हुई थी, जो मंडोरी गांव में धंस गई। उसने ट्रैक्टर ट्राली को निकालने के लिए जब कंवाली गांव के संजू को फोन करके अपना ट्रैक्टर लाने के लिए कहा, तो वह उसे फोन पर गाली गलौज करने लगा। जब वह संजू के घर पहुंचा तो संजू ने कांच की बोतल उसके सिर व कान पर मार दी। जिसके कारण वह घायल हो गया। उसे इलाज के लिए ट्यूलिप अस्पताल दाखिल कराया गया।

## संदिग्ध वाहन चालकों की रोककर ली जाएगी तलाशी

# अभेद किले में तब्दील होगी जिले की सीमाएं, मास्टर प्लान के तहत टोल प्लाजा पर लगेंगे नाके, वाहनों पर पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

जिले में लूट की वारदातों पर अंकुश लगाने व बदमाशों को सलाखों के पीछे पहुंचाने के लिए नवनियुक्त पुलिस आयुक्त ने पहल करते हुए मास्टर प्लान तैयार किया है। अब पुलिस की टीम जिले की सीमा में हाईवे पर लगाए गए टोल प्लाजा पर नाका लगाकर वाहनों की जांच करेगी।

### बदमाशों पर लगाम कसेंगे

इतना ही नहीं जिला की सीमाओं पर भी नाके लगाए जाएंगे। जिससे अपराधी वारदात को अंजाम देकर न निकल सके। इसके लिए युवाओं पर खास फोकस रहेगा। सोनीपत में अचानक लूट की वारदात बढ़ गई है। बैंक की कैश वैन से नकदी लूट की वारदात हो या गाड़ी लूट और ब्रेड लेने आए दो वाहन चालकों से नकदी लूटी गई हुई। इसके अलावा भी बाइक, नकदी और मोबाइल लूट के मामले सामने आने लगे थे। इसमें हाईवे व उसके आसपास के क्षेत्र में लूट की वारदात अधिक हुई। ऐसे में पुलिस आयुक्त सतेंद्र गुप्ता ने इन वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधिकारियों संग मंथन किया। सोनीपत जिला की सीमा दिल्ली व यूपी से सटी होने के चलते यहां वारदात कर निकल भागने में बदमाशों को आसानी होती है। ऐसे में नेशनल हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर भी पुलिस की मौजूदगी बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। हाईवे व एक्सप्रेस-वे पर वाहनों की चेकिंग करने से जाम का संकट खड़ा होने का भय बन जाता है। ऐसे में पुलिस आयुक्त ने हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा पर चेकिंग बढ़ाने के निर्देश दिए है। टोल प्लाजा पर संदिग्ध वाहन सवारों को रोककर उनसे पूछताछ करना आसान हो जाता है। वहां हाईवे चौड़ा होने के कारण जाम का संकट भी नहीं बन सकेगा। ऐसे में नाका लगाकर आसानी से जांच की जा सकेगी। पुलिस टीम जिला की सीमा पर भी नाके लगाएगी। सोनीपत की सीमा उत्तर प्रदेश के बागपत, दिल्ली के कुंडली व औचंदी बॉर्डर से लगी है। वहां पर नाके लगाए गए है। इसके साथ ही अब प्रदेश के अन्य जिलों से सटे सीमा पर भी पुलिस की चौकसी बढ़ाई जाएगी।

### नाकाबंदी कर होगी वाहनों की चेकिंग



जिले में आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए मास्टर प्लान तैयार किया गया है, जिसके चलते पुलिस टीमे अब टोल प्लाजा पर नाकेबंदी करके वाहनों की चेकिंग करेगी। साथ ही वारदात की सूचना मिलते ही नाकेबंदी पर पुलिस कर्मचारियों की संख्या को बढ़ा दिया जायेगा। ताकि अपराधी सीमाओं को पार करके दूसरे राज्यों में इंटर न कर सके।

-सतेंद्र गुप्ता, पुलिस आयुक्त सोनीपत

### यहां-यहां लगेंगे नाके

पुलिस टीम रोहतक, पानीपत व जींद की सीमा पर सटे मार्गों पर भी नाके लगाएगी। जिससे अपराधी वारदात को अंजाम देकर दूसरे जिले या प्रदेश में ना भाग सके। पुलिस आयुक्त ने हाईवे, एक्सप्रेस-वे व सीमाओं पर लगने वालों नाकों के दौरान युवाओं पर विशेष निगरानी रखने की योजना बनाई है। इसके तहत वाहन में सवार युवाओं को रोककर चेकिंग की जाएगी। उनसे पूछताछ के बाद ही उन्हें जाने दिया जाएगा। हालांकि वाहन में अगर परिवार के सदस्य, महिलाएं व बुजुर्ग बैठे हैं तो उनकी चेकिंग को लेकर रियायत दी जाएगी। बुजुर्गों व महिलाओं को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी दी जाएगी।

### रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर सेंट्रल का रक्तदान शिविर कल

**गन्नौर।** रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर सेंट्रल द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन विश्वकर्मा मन्दिर में 7 जुलाई को किया जाएगा। यह जानकारी क्लब के प्रधान अमित त्यागी व सचिव सतीश चौधरी, कोषाध्यक्ष निशांत गोयल ने दी।

उन्होंने बताया कि प्रोजेक्ट चेयरमैन प्रोजेक्ट चेयरमैन राजेश कुमार, अरुण गोस्वामी, अमित त्यागी सहित क्लब के सदस्य व्यवस्था संभालेंगे। सचिव चौधरी ने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए हमें समय- समय पर रक्तदान करते रहना चाहिए। रक्तदान से किसी दुर्घटना में घायल युवक की जान बचाई जा सकती है।

## महाविद्यालयों में पहले भेजी गई थी प्रोविजनल लिस्ट, सही होने पर जारी की गई सूची, 9 जुलाई तक जमा करवानी होगी फीस

# दिन भर किया इंतजार, शाम को जारी की पहली कट ऑफ लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

महाविद्यालयों में दाखिलों के लिये इंतजार कर रहे विद्यार्थियों के लिये शुक्रवार का दिन काफी उतार-चढ़ाव भरा रहा। पूरा दिन पहली कट ऑफ लिस्ट का इंतजार करते रहे, लेकिन कट ऑफ लिस्ट आई शाम को, जिसके बाद विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली। बता दें कि दाखिला प्रक्रिया का पहला चरण 30 जून को पूरा हो गया था, इसी के तहत उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने शुक्रवार शाम को फाइनल कट ऑफ जारी की। जीवीएम कन्या महाविद्यालय की बात करें तो यहां फाइनल कट ऑफ में बीए की कट 50 फीसदी तो बीएससी लाइफ साइंसेज की कट ऑफ 62 फीसदी तक रही। जिले के अन्य महाविद्यालयों में भी सभी पाठ्यक्रम की कट ऑफ 50 से 70 फीसदी के आसपास रही। पहली कट ऑफ में स्थान बनाने वाले विद्यार्थी 9 जुलाई तक फीस जमा करवाकर अपना दाखिला सुनिश्चित कर सकते हैं।

### नई शिक्षा नीति के तहत दाखिले

जिले के महाविद्यालयों में इस बार नई शिक्षा नीति के तहत दाखिला प्रक्रिया चलनी है। 30 जून को पूरी हुई आवेदन प्रक्रिया के बाद शुक्रवार को पहली फाइनल कट ऑफ जारी की गई। इससे पहले वीरवार को प्रोविजनल कट ऑफ जारी की जानी थी, लेकिन विद्यार्थी दिन भर इंतजार करते रहे थे। हालांकि शुक्रवार सुबह प्रोविजनल लिस्ट मिली थी। उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने दोपहर तक सभी कॉलेजों के लॉगिन पर फाइनल कट ऑफ भेजी और जांच करने के निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार का संशोधन होने पर उसे जारी करने से पहले ठीक किया जा सके। महाविद्यालयों की तरफ से जांच के बाद लिस्ट दुरुस्त मिलने पर ही फाइनल कट ऑफ शाम को जारी की गई। विद्यार्थियों को दिन भर पहली कट ऑफ के लंबा इंतजार करना पड़ा।



### न्यूनतम मेरिट लिस्ट

हिंदू महाविद्यालय

| पाठ्यक्रम | कट ऑफ |
|---|---|
| बीए | 61.4 |
| बीकॉम (एडिड) | 66.8 |
| बीकॉम (सेल्फ फाइनेंस) | 54.8 |
| बीबीए | 66.2 |
| बीएससी फिजिकल साइंसेज | 55.4 |
| बीएससी लाइफ साइंसेज | 58.2 |

जीवीएम कन्या महाविद्यालय

| | |
|---|---|
| बीए | 50.4 |
| बीए ऑनर्स (भूगोल) | 64.8 |
| बीबीए | 65.6 |
| बीकॉम | 59.8 |
| बीकॉम ऑनर्स | 70.6 |
| बीसीए | 63.4 |
| बीएससी होम साइंस | 59.8 |
| बीएससी बायोटेक | 64.4 |
| बीएससी लाइफ साइंसेज | 62.8 |
| बीएससी फिजिकल साइंसेज | 54.05 |

### छात्राओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किया

उच्चतर शिक्षा निदेशालय ने शुक्रवार शाम को पहली फाइनल कट ऑफ जारी कर दी है। जिसमें शामिल विद्यार्थियों को अपना दाखिला सुनिश्चित करवाने के लिए 09 जुलाई तक फीस जमा करवाने का समय दिया गया है। कॉलेज में छात्राओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है। छात्राओं को फीस जमा करवाने या दाखिले को लेकर किसी प्रकार की परेशानी आती है तो उसका समाधान किया जाएगा।

**डॉ. मंजुला स्पाह**, प्राचार्य, जीवीएम कन्या महाविद्यालय

### महिला विश्वविद्यालय में पहली मेरिट लिस्ट जारी

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए शुक्रवार को पहली मेरिट लिस्ट जारी की गई। डीन एकेडमिक अफेयर्स प्रो. संकेत विज ने बताया कि महिला विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट्स तथा खरल (जींद) व कृष्ण नगर (रेवाड़ी) स्थित क्षेत्रीय केंद्रों में एनईपी-2020 के प्रावधानों के तहत संचालित किए जा रहे यूजी व पीजी कोर्सेज की पहली कट ऑफ जारी की गई। उन्होंने बताया कि अंडर ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में बीकॉम (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 92.20 रही। बैचलर ऑफ होटल मैनेजमेंट (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 86.60, बीबीए (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) इंटरडिसिप्लिनरी की कट ऑफ 89, बीए इंग्लिश (ऑनर्स/ऑनर्स विद रिसर्च) की कट ऑफ 90.20, बैचलर ऑफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स (ऑनर्स) की कट ऑफ 84.80, बीए-एलएलबी की कट ऑफ 93, बीबीए-एलएलबी की कट ऑफ 85.40 तथा बी वॉक (फैशन टेक्नोलॉजी एंड अपैरेल डिजाइनिंग) की कट ऑफ 87.60 प्रतिशत रही। इसके अलावा ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रमों में एमए (इंग्लिश) की कट ऑफ 73.36, एमबीए की कट ऑफ 76.58, मास्टर ऑफ होटल मैनेजमेंट की कट ऑफ 74.80, एमएससी केमिस्ट्री की कट ऑफ 82.86 तथा एमएससी मैथमेटिक्स की कट ऑफ 78.3 प्रतिशत रही। प्रो. संकेत विज ने बताया कि ऑल इंडिया ओपन कैटेगरी में रेवाड़ी के कृष्ण नगर स्थित क्षेत्रीय केंद्र में बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 86.40, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) की कट ऑफ 88, बीकॉम (ऑनर्स) की कट ऑफ 81.20 तथा एमए (इंग्लिश) की कट ऑफ 72.38 प्रतिशत रही।



**खरल रिजनल केंद्र की कट ऑफः** जींद के खरल स्थित स्वामी रतन देव रीजनल सेंटर में बीए (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 89.2, बैचलर ऑफ फिजिकल साइंस (ऑनर्स) मल्टीडिसीप्लिनरी की कट ऑफ 73 तथा बीकॉम (ऑनर्स) की कट ऑफ 87 प्रतिशत रही।

**8 जुलाई तक फीस जमा करवाएं :** यूजी व पीजी पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए पहली मेरिट लिस्ट के अभ्यर्थियों को 8 जुलाई तक फीस जमा करवानी होगी। दूसरी मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को डिस्प्ले की जाएगी और फीस 11 जुलाई तक जमा करानी होगी। 13 जुलाई को तीसरी मेरिट लिस्ट डिस्प्ले की जाएगी तथा 15 जुलाई को दोपहर 2:00 बजे तक फीस जमा करानी होगी।

## युवक की पीटकर हत्या करने के आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में युवक की पीट-पीटकर हत्या करने की वारदात में शामिल दो आरोपितो को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल व यशदीप उर्फ यश निवासी रसोई का है। पुलिस ने आरोपितो को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितो से पूछताछ की जा रही है।

मुरथल निवासी कुलदीप ने गत 18 जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि गत 16 जून को कीरब 12.15 बजे उसका रिश्तेदार अक्षय निवासी सोनीपत, अक्षय का दोस्त अमित निवासी जुआं व मुरथल निवासी अनिल चारो बहनोई साहिल के फोन करने पर कार में सवार होकर गांव रसोई के अड्डे पर आ गए।

उसी दौरान साहिल उसका छोटा भाई यश सहित चार-पांच युवक खड़े मिले। उसी दौरान उक्त युवको ने मारपीट करना शुरू कर दिया। वही यश ने कार से जीटी रोड पर टहल रहे अमित पर जान से मारने की नीयत से तेज रफ्तार कार को चलाकर अमित के ऊपर चढ़ा दी। उसके बाद अमित पर डंडों से हाथों व पैर पर हमला कर मारपीट की। उसके बाद धमकी देकर फरार हो गए। उपचार के लिए उसे अस्पताल में लाया गया। जहां गत 29 जून को उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची उप निरीक्षक महेंद्र की टीम ने दो आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितो को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपितो को तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपितो से पूछताछ की जा रही है।

## सर्पदंश से मजदूर की मौत, धान की रोपाई के लिये आया था

**सोनीपत।** गांव मुकीमपुर में धान की रोपाई करने आए मजदूर की सर्पदंश से मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। बिहार के जिला सीतामढ़ी के गांव मदारीपुर निवासी संजय अपने साथियों के साथ गांव मुकीमपुर में धान की पौध रोपने आए हुए थे। वह किसान रामकुमार के खेत में काम कर रहे थे। शुक्रवार को धान की रोपाई के दौरान वह पानी पीने ट्यूबवेल के निकट गए तो उन्हें सांप ने डस लिया। जिससे उनकी हालत बिगड़ गई। साथी उन्हें लेकर अस्पताल में पहुंचे, जहां से उपचार के बाद हालत में सुधार नहीं होने पर वह उन्हें निजी अस्पताल में ले गए। जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया।

## वाहन ने बाइक को टक्कर मारी, युवक की मौत

**गोहाना।** रोहतक-पानीपत हाई-वे स्थित गांव चिड़ाना के निकट बाइक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। बाइक सवार गांव बुसाना के एक युवक की मौत हो गई और एक घायल हो गया। दोनों को इसराना स्थित एनसी अस्पताल ले जाया गया। गांव बुसाना के मंजीत ने पुलिस को बताया कि उसका छोटा भाई संदीप पुत्र रधबीर और अपने दोस्त सन्दीप पुत्र मनोहर लाल के साथ बाइक पर रात को गांव से पानीपत जा रहे थे। जब वे रोहतक-पानीपत हाई-वे स्थित गांव चिड़ाना में एक ढाबे के पास पहुंचे तो अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। उनको इसराना में एनसी अस्पताल ले जाया गया। वहां पर उसके भाई संदीप को मृत घोषित कर दिया गया।

## एसएजी यूनिट ने धर दबोचा, बदमाश के पैर में गोली लगी, खानपुर स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती

# एचडीएफसी बैंक के गार्ड को गोली मारकर 38 लाख रुपये लूटने का आरोपी दीपक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत/खरखौदा

- आरोपी दीपक ने भागने के प्रयास में पुलिस पर की फायरिंग

एसएजी यूनिट, सोनीपत ने रोहणा से बरोणा मार्ग पर एक बदमाश के साथ मुठभेड़ की, जिसमें बदमाश दीपक को पैर में गोली मारकर गिरफ्तार किया गया। दीपक पर कुंडली के एचडीएफसी बैंक में 38 लाख रुपये की लूट का आरोप है। स्पेशल एंटी गैंगस्टर यूनिट (एसएजीयू) प्रभारी अजय धनखड़ ने खरखौदा थाना पुलिस को बताया कि 28 जून को कुंडली स्थित एचडीएफसी बैंक के बाहर गार्ड मुनेश्वर को गोली मारकर कैश वैन से 38 लाख रुपये लूटे गए थे। जिसमें कैश वैन पर सुरक्षा गार्ड उत्तर प्रदेश के जिला एटा के गांव हजरतपुर फिलहाल दिल्ली के कडकडड्मा निवासी पूर्णमल ने मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस की पांच टीम लगातार बदमाशों का सुराग लगाने में जुटी थी। शुक्रवार सुबह एसएजीयू टीम को इनपुट मिला कि कैश वैन से नकदी लूटने के आरोपित रेवाड़ी खेड़ा के रहने वाले हैं। उनमें से एक आरोपित दीपक अपने खेतों में जाने के लिए मातन गांव के रास्ते पर बाइक लेकर निकला है।

जिस पर टीमें उस तरफ चल पड़ी। पुलिस टीम को देखते ही दीपक अपनी बाइक का लेकर मातन रोड से होते हुए भागने लगा। जिस पर उनकी टीम उसके पीछे लग गई। सोनीपत की तरफ भागते देख पुलिस की अन्य टीमों को अलर्ट कर दिया गया।



खरखौदा। मेडिकल कॉलेज में भर्ती आरोपित।

### पांच टीमों ने की कार्रवाई

आरोपित दीपक को पकड़ने के लिए अजय धनखड़ की अगुवाई में एसएजीयू सोनीपत, जितेंद्र की अगुवाई में क्राइम यूनिट कुंडली, रविकांत की अगुवाई में क्राइम यूनिट सेक्टर-3 सोनीपत, मनीष की अगुवाई में क्राइम यूनिट गन्नौर व जितेंद्र की अगुवाई में एवीटी स्टाफ लूट के आरोपित दीपक की धरपकड़ में गांव पहुंचा था। टीमों ने अलग-अलग मार्गों पर आरोपित का पीछा किया।

### मुठभेड़ में बाल-बाल बची टीम

करीब 34 किलोमीटर भागने के बाद आरोपित रोहणा से बरोणा मार्ग पर कच्चे रास्ते पर आ गया। जहां पर उसकी बाइक फिसल गई और वह गिर गया। इस पर एसएजीयू प्रभारी अजय धनखड़ ने उसे गिरफ्तारी देने को कहा तो उसने अपनी निक्कर कर जेब से तमंचा निकालकर पुलिस पर गोली चला दी। हमले में टीम बाल-बाल बची। पुलिस टीम की तरफ से भी बचाव में गोली चलाई गई तो गोली आरोपित के पैर में जा लगी। उसे काबू कर खरखौदा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार देने के बाद खानपुर स्थित मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।



हाथी 3 मील दूर से भी पानी की गंध को सूंघने की क्षमता रखता है।

चमगादड़ एक ऐसा स्तनधारी है जो की उड़ भी सकता है।

# अच्छा वेतन और सम्मान पाना है तो बनें विज्ञान के अध्यापक



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

राज्य सरकार और केंद्र सरकार समय-समय पर साइंस टीचर के भर्ती की घोषणा की जाती है। राज्य और केंद्र स्तर पर संचालित स्कूलों के लिए हर वर्ष साइंस टीचर की भर्ती का आयोजन होता है। आप उस भर्ती के लिए आवेदन करके साइंस टीचर बन सकते हैं। एक सरकारी साइंस टीचर बनने के बाद आप एक बेहतर भविष्य की कल्पना कर सकते हैं। क्योंकि यहां पर अच्छा वेतन और काफी सम्मान मिलता है जबकि प्राइवेट संस्थान ज्वाइन करके भी आप अच्छा वेतन और सम्मान पा सकते हैं। इसके अलावा आप चाहे तो अपना खुद का कोचिंग सेंटर खोल सकते हैं या दूसरे कोचिंग सेंटर में नौकरी की तरह काम भी कर सकते हैं।

## विज्ञान के विषय को पढ़ाना होता

विज्ञान पढ़ाने वाला अध्यापक साइंस टीचर होता है। इस अध्यापक का काम विज्ञान विषय को छात्रों को पढ़ाना होता है। पाठ्यक्रम में निर्धारित किया गया विज्ञान का ज्ञान छात्रों को देना होता है। विज्ञान के तहत आने वाले आविष्कार और प्रयोगों के बारे में बताता है प्रयोग सिद्ध करके बताता है और विज्ञान की जर्नी तथा विज्ञान में आगे बढ़ने के रंग रूप समझाता है। साइंस टीचर आपको छोटे स्कूलों से लेकर बड़े-बड़े कॉलेज स्कूल और शिक्षण संस्थान में देखने को मिल जाते हैं। अगर आपका विज्ञान विषय में रुचि है तो आप साइंस टीचर बन सकते हैं। विज्ञान का विषय बहुत ही स्कोप वाला विषय है अगर आप विज्ञान के क्षेत्र में टीचर बनते हैं तो आपको देश और दुनिया भर के अनेक सारे स्कूल कॉलेज और शिक्षण संस्थान में नौकरियां मिल जाती है। आप अपना खुद का अलग से एक विज्ञान स्कूल भी खोल सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपकी विज्ञान के प्रति रुचि होनी चाहिए और विज्ञान को बारीकी से समझने की भी जरूरत होती है। आप दसवीं कक्षा पास करने के बाद पूरी तरह से विज्ञान में पढ़ाई कर सकते हैं। 12वीं कक्षा में आप विज्ञान विषय का चयन करके आगे की पढ़ाई भी विज्ञान में करें। ग्रेजुएशन करने के बाद किसी भी शिक्षण संस्थान से अध्यापक प्रशिक्षण प्राप्त करने के पात्र हो जाते हैं।

## ऐसे बनें अध्यापक

साइंस टीचर बनने के लिए साइंस स्ट्रीम में अच्छी तरह से अध्ययन करने की आवश्यक है। साइंस विषय में अच्छी दक्षता प्राप्त करने के साथ-साथ टीचर ट्रेनिंग कोर्स तथा साइंस में डिप्लोमा या डिग्री प्राप्त करके साइंस टीचर बन सकते हैं। अगर आप शुरुआत से ही साइंस के प्रति सजग हो जाते हैं तो इस विषय में आगे बढ़ना आपके लिए काफी आसान हो जाता है इसीलिए आपको कक्षा 10 के बाद विज्ञान संकाय का चुनाव करना चाहिए 11वीं कक्षा में प्रवेश लेते समय आपको विज्ञान संकाय के विषय का चुनाव करके उसमें अध्ययन करना चाहिए। इसमें भौतिक विज्ञान , रसायन विज्ञान , गणित , जीवविज्ञान  आदि विषय शामिल है।

### 12वीं के बाद अच्छी तैयारी करें

अगर आप और 12वीं क्लास पास करने के बाद साइंस टीचर बनना चाहते हैं। तो इसके लिए आपको बीएससी विज्ञान विषय के साथ करना होगा बीएससी में विज्ञान वर्ग से कोई भी 3 विषय का चयन कर सकते हैं जिसमें वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान शामिल है। इसमें से आप किसी भी एक विषय का चयन करके बीएससी कंप्लीट कर सकते हैं। अगर आप विज्ञान के इन विषय में अच्छा अध्ययन करेंगे तो बीएससी करने के बाद शिक्षण प्रशिक्षण डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना आपके लिए काफी आसान हो जाएगा क्योंकि वर्तमान समय में शिक्षण प्रशिक्षण की डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश लेने के लिए न्यूनतम प्राप्तांक प्रतिशत की अनिवार्यता लागू की गई है।

## करना होगा ट्रेनिंग कोर्स

साइंस में बीएससी पूरा करने के बाद साइंस टीचर बनने के लिए टीचर ट्रेनिंग कोर्स करना होगा। यह टीचर ट्रेनिंग कोर्स स्नातक स्तरीय होना चाहिए जैसे बीएड यानी कि बैचलर ऑफ एजुकेशन कोर्स को करने के लिए 2 वर्ष की समय अवधि निर्धारित की गई है यह कोर्स किसी भी राज्य सरकार या भारत सरकार से संबंधित विश्वविद्यालय एवं एनसीटीई से मान्यता प्राप्त होना चाहिए। बीएससी और बीएड या उसके समकक्ष कोई अन्य अध्यापक प्रशिक्षण डिग्री पाठ्यक्रम पूरा करने के बाद आप साइंस टीचर बनने के योग्य हो जाते हैं।

### उत्तीर्ण करनी होगी अध्यापक पात्रता परीक्षा

अब भी आपको सरकारी विद्यालय में साइंस टीचर बनाने के लिए आवेदन करने हेतु एक और चरण से गुजरना होगा और वह चरण हैं अध्यापक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण करना। देश के विभिन्न राज्यों द्वारा अध्यापक पात्रता परीक्षा का समय-समय पर आयोजन करवाया जाता है संबंधित भर्तियों के लिए आयोजित पात्रता परीक्षा के तहत आवेदन करके आपको उस परीक्षा को पास करना होगा।

## कितने तरह के होते साइंस टीचर

**प्राथमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान अध्यापकः** कक्षा 6 से लेकर कक्षा 8 तक के विद्यार्थियों का अध्यापन कराने वाले शिक्षकों को तृतीय श्रेणी अध्यापक यानी थर्ड ग्रेड टीचर कहा जाता है। थर्ड ग्रेड साइंस टीचर बनने के लिए विज्ञान विषय के साथ बीएसएससी एवं बीएड तथा अध्यापक पात्रता परीक्षा पास करनी होगी।

**माध्यमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान टीचर** : कक्षा 9 से लेकर कक्षा 10 को माध्यमिक विद्यालय कहते हैं इस श्रेणी को द्वितीय श्रेणी ग्रेड टीचर या फिर वरिष्ठ अध्यापक भी कहते हैं। इस श्रेणी के अंतर्गत विज्ञान विषय के अध्यापक बनने के लिए आपको विज्ञान विषय में ग्रेजुएशन एवं बीएड करना होगा। इसके अलावा अध्यापक पात्रता परीक्षा पास करने के बाद आप एक ट्रेंड ग्रेजुएट टीचरी बन जाएंगे जोकि सेकंड ग्रेड अध्यापक ही होता है।

**उच्च माध्यमिक कक्षाओं के लिए विज्ञान टीचर** : जिस स्कूल में कक्षा 11 और 12 के विद्यार्थियों को पढ़ाया जाता है इसे प्रथम श्रेणी का अध्यापक या फर्स्ट ग्रेड टीचर कहा जाता है।

---

## अभियान विशेषज्ञ की पूरी दुनिया में भारी डिमांड

# एक्सपीडिशन एक्सपर्ट बनकर करियर को दे सकते हैं नई दिशा

ऑफलाइन मोड में स्किल्स और प्रशिक्षण जरूरी

जॉब ट्रेंड्स

डॉ. मोहित बंसल, करियर कोच



आज की तेजी से बदल रही दुनिया में युवाओं के लिए करियर के कई विकल्प मौजूद हैं। युवा सिर्फ सरकारी नौकरी की तरह ही न भागें, बल्की अपनी क्षमता और कौशल को निखारकर दूसरे क्षेत्रों में भी किस्मत आजमा सकते हैं। यहां उन्हें अच्छा पैसा, इज्जत और नाम कमाने का बेहतरीन मौका मिल सकता है। बस जरूरी है थोड़ी मेहनत और लगन की। इसके बाद आपको पीछे मुड़कर देखने की जरूरत नहीं है। इसलिए विद्यार्थियों को नौकरी के लिए घबराने की जरूरत नहीं है। युवाओं के सामने उच्च वेतन एवं कम प्रतिस्पर्धी करियर विकल्प है एक्सपीडिशन एक्सपर्ट यानी अभियान विशेषज्ञ। इस इस क्षेत्र में भी आप अपनी किस्मत आजमा सकते हैं। आज के समय में एक्सपीडिशन एक्सपर्ट न केवल भारत अपितु समूचे संसार में अच्छे अवसरों के साथ अच्छे वेतन पर अच्छा जीवन बीता रहे हैं। इसलिए आप भी एक्सपीडिशन एक्सपर्ट बनकर अपने करियर को नई उड़ान दे सकते हैं।

## क्या है एक्सपीडिशन एक्सपर्ट

एक्सपीडिशन एक्सपर्ट (अभियान विशेषज्ञ) का अर्थ एक ऐसे व्यक्ति से है जो एडवेंचर यात्राओं और अभियानों की योजना बनाने, उन्हें संचालित करने और सफलतापूर्वक पूरा करने की विशेषज्ञता रखता है। ऐसे व्यक्ति के पास साहसिक गतिविधियों जैसे पर्वतारोहण, ट्रेकिंग, जंगल सफारी, और अन्य चुनौतीपूर्ण अभियानों का पूरा ज्ञान और अनुभव होता है। वह सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए टीम का नेतृत्व करता है और यह सुनिश्चित करता है कि यात्रा का हर पहलू सुचारू और सुरक्षित पूरा हो। अभियान विशेषज्ञ के रूप में करियर रोमांचक और विविधतापूर्ण भरा है। इस क्षेत्र में व्यक्तिगत और पेशेवर विकास के असीम अवसर मौजूद हैं। साहसिक गतिविधियों का जुनून और नए कौशल सीखने की इच्छा रखने वाले लोगों के लिए यह क्षेत्र सफलता की कुंजी है।



## अच्छे अवसरों के साथ मिलता अच्छा वेतन

- सर्टिफिकेशन कोर्स 5,000 से 30,000 रुपये में कर सकते
- कोर्स करने के लिए 5 से 15 दिनों तक का समय देना जरूरी
- कुछ कोर्सेज के लिए ऑनलाइन भी कर सकते हैं अप्लाई



## एक्सपीडिशन एक्सपर्ट के लिए क्या जरूरी

**शिक्षा :** एक्सपीडिशन एक्सपर्ट बनने के लिए शैक्षणिक योग्यता महत्वपूर्ण है। इसके लिए भूगोल, पर्यावरण विज्ञान, वन्यजीव विज्ञान और संबंधित क्षेत्रों में ग्रेजुएशन की डिग्री जरूरी है। इसके साथ-साथ विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े भूगोल, जलवायु और चुनौतियों को भी समझना जरूरी है।

**प्रशिक्षण :** शिक्षा के साथ-साथ स्कूबा डाइविंग, बंजी जंपिंग, पैराग्लाइडिंग, वन्यजीव सफारी, रिवर राफ्टिंग, पर्वतारोहण, ट्रेकिंग का प्रशिक्षण लें और अन्य साहसिक खेलों पर रिसर्च जरूर करें। इसके बाद ही इस क्षेत्र में करियर बनाने के लिए आगे बढ़ें।

**यहां से ले प्रशिक्षण :** आप नेहरू इंस्टीट्यूट ऑफ माउंटेनियरिंग (एनआईएम), हिमालयन माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट (एचएमआई), कार्डिओ पल्मोनरी रिसकिटेशन (सीपीआर) इंटरनेशनल राफ्टिंग फेडरेशन (आईआरएफ), इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन (आईएमएफ), प्रोफेशनल एसोसिएशन ऑफ़ डाइविंग इंस्ट्रक्टर्स (पीएडीआई) जैसे संस्थानों से कोर्स कर सकते हैं। यहां से सर्टिफिकेट एवं प्रोफ़ेसनली काम के लिए लाइसेंस भी ले सकते हैं। क्योंकि कुछ गतिविधियों के लिए विशेष लाइसेंस की जरूरत होती है।

## फीस एवं समय

**फीस एवं समय :** सर्टिफिकेशन कोर्स करने के लिए आपको 5,000 से 30,000 रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। इन कोर्सेज के लिए 5 से 15 दिनों तक का समय लगता है। इनमें से कुछ कोर्सेज के पाठ्यक्रमों के लिए आप ऑनलाइन मोड में भी पढ़ाई कर सकते हैं। हालांकि जरुरी स्किल्स और प्रशिक्षण आपको ऑफलाइन मोड में ही सीखने होंगे।

**अनुभव :** जितना संभव हो उतना व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करें और स्वयं को कार्डिओ, शक्ति प्रशिक्षण, एवं धीरज अभ्यास के जरिये फिट रखें। विभिन्न एक्सपीडिशन अभियानों में शामिल हों और नए नए कौशल सीखें।

**स्वयंसेवा :** विभिन्न पर्यावरणीय और साहसिक गतिविधियों में एक वालंटियर की तरह स्वयंसेवा करें। इससे आपको अनुभव के साथ-साथ नेटवर्क बनाने में मदद मिलेगी और आसानी से अपने करियर को चमका सकेंगे।



## रोजगार के अवसर

एक्सपीडिशन एक्सपर्ट के करियर की संभावनाएं भारत में और वैश्विक स्तर पर बहुत व्यापक हैं। इस क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसर मौजूद हैं। एक एक्सपीडिशन एक्सपर्ट के लिए पर्यटन और साहसिक कंपनियां, शिक्षण और प्रशिक्षण संस्थान, सरकारी और गैर-सरकारी संगठन, फिल्म और मीडिया औद्योगिक क्षेत्रों में करियर के लिए विशेष अवसर है। आप स्वतंत्र एक्सपीडिशन एक्सपर्ट के रूप में भी काम कर सकते हैं।

### जॉब प्रोफाइल ऑप्शंस

एक्सपीडिशन एक्सपर्ट के लिए विभिन्न कंपनियों में कई प्रकार की जॉब प्रोफाइल होती हैं। ये प्रोफाइल एडवेंचर यात्रा, पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण, और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में हो सकती हैं। एडवेंचर टूर गाइड, एक्सपीडिशन प्लानर एंड कोऑर्डिनेटर, एडवेंचर स्पोर्ट्स इंस्ट्रक्टर, सेफ्टी एंड रेस्क्यू स्पेशलिस्ट, एनवायर्नमेंटल कन्सेर्वेटिव अफसर, फ्रीलांसर एक्सपीडिशन एक्सपर्ट जैसे बहुत सारे जॉब प्रोफाइल पर आप काम कर सकते हैं। इनमें आपको अच्छा वेतन भी मिलता है।

### टॉप रेक्रुइट्रस संस्थान

एक्सपीडिशन उद्योग में टॉप रेक्रुइट्रस की श्रेणी में विभिन्न प्रकार की कंपनिया और संगठन आते हैं, जो एडवेंचर पर्यटन, पर्यावरण संरक्षण,और अनुसंधान जैसे क्षेत्रों में सक्रिय हैं। इस सूची में भारत और वैश्विक स्तर पर इंडियन माउंटेनियरिंग फाउंडेशन (आईएमएफ), इंडिया हाइक, वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूटीआई), एडवेंचर नेशन, ग्लोबल हिमालयन एक्सपीडिशन (जीएचई), ट्रेक द हिमालयस, नेशनल ज्योग्राफिक, वर्ल्ड वाइल्डलाइफ फंड (डब्ल्यूडब्ल्यूएफ), आउटवर्ड बाउंड, रेड बुल, पेटागोनिया, एडवेंचर इंटरनेशनल, गूगल अर्थ जैसी कंपनिया आती हैं। ये आपको अच्छे जॉब ऑफर कर सकती हैं।

### अपडेट रहें

खुद को इस फील्ड में अपडेटेड रखने के लिए नए उपकरण, तकनीक, और पर्यावरणीय परिवर्तनों के बारे में अद्यतित रहें। इसके साथ साथ नियमित रूप से नए कौशल और ज्ञान प्राप्त करने के लिए कार्यशालाओं और सेमिनारों में भाग लें। किताबें पढ़ें और अपने करियर को नई दिशा दें।

## संचार कौशल

एक अच्छे एक्सपीडिशन एक्सपर्ट को अपने विचार और अनुभव को प्रभावी ढंग से संप्रेषित करने में सक्षम होना चाहिए। ताकि सामने वाले की बात आसानी से समझ सकें और अपनी उसे समझा सकें।

**मानचित्रण और नेविगेशन :** जीपीएस, नक्शे और कम्पास का उपयोग करने में माहिर बनें। इसके साथ सर्वाइवल टेक्निक्स एवं जंगल बचाव का प्रैक्टिकल एक्सपोजर भी लें।

**प्राथमिक चिकित्सा :** आपात स्थिति में प्राथमिक चिकित्सा देने के लिए प्रशिक्षित हों। ताकि समय पड़ने पर परेशानी महसूस न हो और जिस अभियान पर निकल रहें हैं, आपके साथ जो भी जा रहें हैं उन्हें आपात स्थिति में बचाने में सक्षम हो सकें।

**नेटवर्किंग :** शुरुआत में काम पाने के लिए कुछ विशेष संगठनों से नेटवर्किंग की भी जरुरत पड़ेगी। इसके लिए सोशल मीडिया और अन्य ऑनलाइन प्लेटफार्मों का उपयोग करके भारतीय एक्सपेंडिशन क्लबों और संघों से जुड़ें।

---

# उद्देश्यों की ओर दृढ़ता से बढ़ने से जरूर मिलती है सफलता



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

छात्र जीवन की यात्रा में हमेशा सफलता होना आसान नहीं होता है। कभी-कभी छात्रों को उनके द्वारा चुने गए लक्ष्यों तक पहुंचने में समस्याएं आ सकती हैं। इस दौरान छात्रों को अपने मन के कष्टों का सामना करना पड़ सकता है और यह उनके उद्देश्यों को हासिल करने में रुकावट बन सकता है। लेकिन इस स्थिति से घबराने की जरूरत नहीं है। यदि आपको लगता है कि सब कुछ चल रहा है लेकिन फिर भी आपको सफलता नहीं मिल रही है, तो आपको निराश नहीं होना चाहिए। आपको अपने उद्देश्यों की ओर आगे बढ़ने की दृढ़ता और हौसला रखने की जरूरत है। पहले से ही जिंदगी इतनी आसान नहीं है। हर कोई अपनी मनचाही सफलता तक पहुंचने के लिए संघर्ष करता है।

## असफल होने पर पहले से ज्यादा मेहनत करें

यदि आपको लगता है कि आपकी मेहनत नहीं चल रही है, तो इसका मतलब यह नहीं है कि आपकी निष्क्रियता या कमजोरी है। बल्कि इसका मतलब है कि आपको और अधिक मेहनत करने की जरूरत है। अपने अंदर कोशिश करें, और निरंतर प्रयास करें। अपने दोषों को स्वीकार करें और अपनी गलतियों से सीखें। हमेशा याद रखें कि हम अक्सर अपने स्वयं के दुश्मन हो सकते हैं। इसलिए, आपको अपने खुद को परिवर्तित करने के लिए तैयार रहना होगा। जीवन में सफलता के लिए खुद को जानना और अपने प्रति विश्वास रखना बहुत महत्वपूर्ण है। जब तक आप खुद को जानते नहीं होंगे, तब तक आप अपने सपनों को हासिल करने में सक्षम नहीं हो सकते। अपने लक्ष्यों को ताक पर रखें और निरंतर उनके ओर बढ़ें। आपको अपने आप में इस संघर्ष के लिए जोश और संतुष्टि रखनी चाहिए। सफलता का सफर कभी भी आसान नहीं हो सकता है। उसमें अनेक प्रकार के परेशानियां आ सकती हैं। लेकिन आपको इस बात का हमेशा ख्याल रखना चाहिए कि आपकी कोशिशों का परिणाम हमेशा सकारात्मक होगा। इसलिए, धैर्य और सहनशीलता का समय है। आप अपने उद्देश्यों को हासिल करने के लिए हमेशा निराश न हों, बल्कि उससे ज्यादा मेहनत करें। अपने सपनों को पूरा करने के लिए अपने इच्छाशक्ति का उपयोग करें और जगहीं और रिक्तियों को भरने के लिए इसका लाभ उठाएं। "जीवन एक संघर्ष भरा सफर है, जो कि आपको अपने मार्ग पर चलने से हटाना नहीं चाहता है। इसलिए, आपको अपने लक्ष्यों को त्यागने की बजाय उनके ओर बढ़ना और खुद को परिवर्तित करने के लिए तैयार रहना होगा। सफलता एक प्रक्रिया है और आपको धैर्य से सफल होने का इंतजार करना होगा। जब तक आप इस संघर्ष में जीतने के लिए सक्षम होंगे, तब तक आपको अपने उद्देश्यों को हासिल करने में कोई भी अडचन नहीं । आधुनिक समय में डिजिटल विश्व ने सभी क्षेत्रों में बदलाव लाया है। इंटरनेट की आधिकारिक शुरुआत से अब तक, हमारे सामने एक नया सवाल उठा है – क्या हम अपनी साइबर सुरक्षा की पर्याप्त सूचना हैं? भारत एक वास्तविक आकर्षण है जो कंप्यूटिंग का उच्च अनुप्रयोग कर रहा है। आधुनिक भारत में कम्प्यूटर और इंटरनेट का तेजी से विकास हो रहा है जो साइबर सुरक्षा को रोचक बनाता है। छात्र जीवन में शॉर्टकट हर समस्या का समाधान नहीं है।

## शॉर्टकट लेना सही नहीं

मेहनत का कोई विकल्प नहीं होता। आसान पैसा और कम मेहनत से सफलता पाने की इच्छा अक्सर हमारे भीतर आलस्य और असंतोष को जन्म देती है। जब हम बिना मेहनत के किसी भी कार्य को पूरा करने का प्रयास करते हैं, तो हम उस कार्य की गहराई को समझने में असमर्थ रहते हैं। इससे हमारा आत्म-सम्मान और आत्म-विश्वास दोनों प्रभावित होते हैं। छात्र जीवन में शॉर्टकट लेने का सबसे बड़ा दुष्परिणाम यह होता है कि हम सच्चे ज्ञान और कौशल से वंचित रह जाते हैं, जो हमारे भविष्य की नींव होते हैं। इसके विपरीत, अगर हम हर कार्य में पूरी मेहनत और समर्पण के साथ लगते हैं, तो न केवल हमें गहन ज्ञान प्राप्त होता है, बल्कि हमारे आत्म-विश्वास में भी वृद्धि होती है। हमें यह समझना चाहिए कि जीवन में स्थायी सफलता का रास्ता कठिन परिश्रम और सतत प्रयासों से ही होकर गुजरता है। अक्सर, विद्यार्थी आसान रास्तों की तलाश में रहते हैं ताकि वे जल्द से जल्द सफलता प्राप्त कर सकें। लेकिन वे भूल जाते हैं कि शॉर्टकट से प्राप्त की गई सफलता बहुत ही अल्पकालिक होती है। जल्दी पैसे कमाने की होड़ में, वे अपनी वास्तविक क्षमताओं को पहचानने और उन्हें विकसित करने का अवसर गंवा देते हैं। यह स्थिति आगे चलकर गहरी निराशा और असफलता की ओर ले जाती है। शॉर्टकट लेने का परिणाम केवल व्यक्तिगत विकास को बाधित करना ही नहीं है, बल्कि यह हमारी मानसिकता को भी कमजोर बनाता है। जब हम शॉर्टकट के आदी हो जाते हैं, तो हम हर कार्य में वही तरीका अपनाने की कोशिश करते हैं, जिससे हमारी समस्या सुलझाने की क्षमता और दृढ़ता में कमी आ जाती है। इसलिए, हमें यह समझना चाहिए कि जीवन में सच्ची सफलता का मार्ग केवल और केवल कठिन परिश्रम, धैर्य और निरंतर प्रयासों से होकर गुजरता है। विद्यार्थी जीवन में शॉर्टकट से बचना चाहिए और हर कार्य को पूरी ईमानदारी और मेहनत से करने का संकल्प लेना चाहिए।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जंतुओं में होने वाली 'फूट एंड माउथ' रोग किसके कारण उत्पन्न होता है ?
(ए) जीवाणु
(बी) कवक
(सी) प्रोटोजोआ
(डी) विषाणु

**2.** आलू में मोजेक रोग का कारक तत्व है -
(ए) विषाणु
(बी) जीवाणु
(सी) फफूंदी
(डी) शैवाल

**3.** वनस्पति विज्ञान की वह शाखा जिसमे जिसमे शैवालों का अध्ययन किया जाता है, कहलाता है -
(ए) वर्गिकी
(बी) माईकोलॉजी
(सी) सूक्ष्मजैविकी
(डी) फाईकोलॉजी

**4.** शैवालों की कोशिका भित्ति किसकी बनी होती है ?
(ए) काईटिन
(बी) सुबेरिन
(सी) सेल्यूलोज
(डी) क्यूटिन

**5.** हाईड्रा की स्त्रावी कोशिकाओं में कौन-सा सहजीवी शैवाल मिलता है ?
(ए) युक्लोरैला
(बी) नोस्टोक
(सी) युलोथ्रिक्स
(डी) स्पाईरोगाईरा

**6.** सरगासो समुद्र का नाम पड़ा -
(ए) कवकों के कारण
(बी) आवृतबिजीयों के कारण
(सी) शैवालों के कारण
(डी) ब्रायोफाईटा के कारण

**7.** गलगंड रोग से बचा जा सकता है और कुछ समुद्री खरपतवार खाने से इसका इलाज होता है, क्यूंकि इसमें प्रचूर माता में होता है -
(ए) सल्फर
(बी) आयोडीन
(सी) कैलिशियम
(डी) फास्फोरस

**8.** किस शैवाल से आयोडीन प्राप्त होती है ?
(ए) एक्टोकार्पस
(बी) लैमिनेरिया
(सी) ओडोगोनियम
(डी) युलोथ्रिक्स

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(डी) 4.(सी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(बी) 8.(बी)

## खबर संक्षेप

### वेलकम फाउंडेशन का रक्तदान शिविर आज

**गोहाना।** वेलकम फाउंडेशन शनिवार को प्रातः 9:30 बजे शहर में दीनबंधु चौ. छोटूराम चौक में रक्तदान शिविर लगाएगा। यह रक्तदान शिविर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर लगेगा। मुख्य अतिथि भाजपा दिग्गज इंद्रजीत विरमानी होंगे। संयोजक मंडल में के.सी. शर्मा, जयवीर कौशिक, इंद्रजीत गोयल, रामपाल दहिया, ज्ञानेंद्र रोहिल्ला, जितेंद्र पांचाल, मनजीत भारद्वाज शमिल होंगे।

### विज्ञान प्रयोगशाला से सामान चोरी

**खरखौदा।** किढ़ौली पहलादपुर गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला से काफी सामान चोरी हो गया है। प्राचार्य रमाकांत ने बताया कि विज्ञान की अध्यापिका छात्राओं को लेकर विज्ञान प्रयोगशाला में गई तो उन्होंने देखा कि प्रयोगशाला का ताला टूटा हुआ है। प्रयोगशाला का दरवाजा खोलने पर सारा सामान बिखरा पाया गया।

### अपने दिल में दया का दीपक जलाएं : जय

**गोहाना।** जैन मुनि जय ने शुक्रवार की दोपहर आह्वान किया कि अपने दिल में दया का दीपक जलाएं। उन्होंने कहा कि जिसके दिल में दया नहीं, उसे दिल मिला ही नहीं। जय मुनि बुटाना गांव के जैन स्थानक में प्रवचन कर रहे थे।

जय मुनि ने कहा कि दयालु व्यक्ति अपने सुख को छोड़ कर दूसरे के सुख का ध्यान रखता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि दया की शुरूआत घर से होनी चाहिए।

### गांव बरोदा में खेत से मोटर चोरी, केस

**गोहाना।** गांव बरोदा मोर से किसान के खेत से ट्यूबवेल पर लगाई गई मोटर चोरी कर ली गई। बरोदा थाना में मामला दर्ज किया या। रिंकू ने पुलिस को बताया कि वह खेती करता है। नहर वाले खेत में उसने ट्यूबवेल लगाकर साढ़े सात एचपी की मोटर लगा रखी थी। 26 जून की रात को मोटर चोरी कर ली गई। अपने स्तर पर चोर और मोटर की तलाश की। सुराग न लगने पर अब पुलिस को शिकायत दी।

### रामबिलास पासवान का जन्मदिवस मनाया

**सोनीपत।** लोकजन शक्ति पार्टी के जिला कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वर्गीय रामबिलास पासवान का जन्मदिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता किरणपाल सिंह धमणिया ने की, कार्यक्रम का संचालन यशवंत राव चौहान, हलका अध्यक्ष ने की। इस अवसर पर रामबिलास पासवान के चित्र पर फूलमाला अर्पित करके और मोमबत्ती प्रज्जवलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। जयकृष्ण, सुदेश देवी, सतपाल, लवकुश पासी मौजूद रहे।

### पेड़ों के बगैर धरती पर जीवन असंभव

**सोनीपत।** जनहित अभियान फाउंडेशन के द्वारा शहीद भगत सिंह पार्क कालूपुर चुंगी पर पौधारोपण अभियान चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र पवार ने पौधा लगा कर अभियान को शुरू किया। कहा कि वृक्ष धरती का श्रृंगार है। पेड़ों के बगैर धरती पर जीवन संभव नहीं है। विधायक ने निवेदन किया कि कि अभी बारिश के मौसम में सभी अधिक से अधिक पौधे लगाए ।

### कांग्रेस ने इंद्रजीत को बनाया चेयरमैन

**सोनीपत।** एडवोकेट इंद्रजीत खोखर को हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस कमेटी सोनीपत के लीगल, ह्यूमन राइट्स और आरटीआई डिपार्टमेंट का चेयरमैन नियुक्त किया गया है। इस संदर्भ में सैल के चेयरमैन केसी भाटिया ने पत्र जारी कर इंद्रजीत खोखर को बधाई दी है।

### फोगिंग अभियान की शुरूआत की

**सोनीपत।** शहर की जिन-जिन कॉलोनियों में डेंगू बुखार से पीड़ित केस आ रहे हैं वहा प्राथमिकता के आधार पर मच्छर मार दवाई छिड़काव की मुहिम पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन और मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन की तरफ से शुरू की गई है। फोगिंग अभियान की शुरूआत करते राजीव ने बताया की जिन बस्तियों में गंदगी से मच्छरों की भरमार है वहां फोगिंग करवाई जाएगी।

---

### स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अतिरिक्त निदेशक ने किया निरीक्षण

# कंप्यूटर सहित अन्य सभी लैब अपडेट रखने के सख्त आदेश

## विद्यार्थियों से की बातचीत, जानी समस्याएं, जांची सफाई व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अतिरिक्त निदेशक नीरज शर्मा ने शुक्रवार को जिले कई राजकीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से बातचीत की बौद्धिक ज्ञान जांचते हुए समस्याओं के बारे में भी जाना। विद्यालयों में हाजिरी रजिस्टर, रसोई, शौचालयों व स्कूल परिसर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। कमियां मिलने पर उन्हें दूर करने के निर्देश दिए। इसके उपरांत उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सभी बीईओ, बीआरपी व एबीआरसी के साथ बैठक की। जिसमें स्कूलों में नियमित रूप से अभिभावक-शिक्षक बैठक बुलाने और कंप्यूटर सहित अन्य सभी लैब अपडेट रखने के निर्देश दिए, जिसका विद्यार्थियों को लाभ मिल सके।

अतिरिक्त निदेशक नीरज शर्मा ने स्कूलों को जारी की गई ग्रांट के प्रयोग को लेकर भी शिक्षा अधिकारियों के साथ चर्चा की और स्कूलों में व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सुझाव लिए गए। उन्होंने कहा कि जिन स्कूलों में डेस्क की कमी है, उनकी डिमांड भेजें। इस कमी को जल्द दूर करवाया जाएगा। किसी स्कूल में डेस्क मरम्मत की जरूरत है तो उस बारे में भी अवगत कराएं और एस्टीमेट तैयार कर भेजें, बजट जारी कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्कूलों में विद्यार्थियों के लिए स्थापित कंप्यूटर, साइंस व अन्य लैब को चालू रखने के साथ सॉफ्टवेयर भी अपडेट करते रहें। विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएं। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र कुमार, बीईओ सोनीपत मंजू गर्ग, खरखौदा से सुजाता खत्री, राई से योगेशचंद्र, एसडीओ विष्णु भारद्वाज, एफएलएन के जिला समन्वयक मनोज वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।



**गन्नौर।** स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अतिरिक्त निदेशक नीरज शर्मा स्कूल में छात्रों के साथ बातचीत करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

### निर्देशों का पालन होगा

स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अतिरिक्त निदेशक नीरज शर्मा ने शुक्रवार को जिले के कई स्कूलों का निरीक्षण किया। हाजिरी रजिस्टर, जारी की गई ग्रांट के तहत किए गए कार्यों, मिड डे मील, शौचालयों व स्कूल परिसर में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। इसके बाद सभी बीईओ, बीआरपी व एबीआरसी के साथ बैठक कर जरूरी निर्देश दिए हैं, जिनका पालन किया जाएगा। *नवीन गुलिया, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत*

### बड़ी के राजकीय स्कूल का निरीक्षण

**गन्नौर।** स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के अतिरिक्त निदेशक नीरज शर्मा ने बड़ी गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ जिला शिक्षा अधिकारी नवीन गुलिया, खंड शिक्षा अधिकारी सतीश शर्मा भी उपस्थित रहे। अतिरिक्त निदेशक नीरज शर्मा ने स्कूल में प्रत्येक गतिविधि की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं में जा कर छात्र को दी जा रही शिक्षा के स्तर के जांच की। उन्होंने छात्रों से हिंदी, अंग्रेजी, गणित व विज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे। जिनके छात्रों नेसंतोषजनक जवाब दिया। मिली। इसके बाद उन्होंने स्कूल की लाइब्रेरी, लैब, शौचालयों व सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्कूल में सफाई व्यवस्था और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। अतिरिक्त निदेशक नीरज शर्मा ने स्कूल के विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए हर प्रकार की सुविधाओं और शिक्षा को लेकर जानकारी ली और स्कूल में हाजिरी रजिस्टर की भी जांच की। उन्होंने मिड डे मील में जा कर वहां की व्यवस्थाओं व साफ सफाई का जायजा लिया। इस दौरान नीरज शर्मा ने कहा कि शिक्षा विभाग राजकीय विद्यालयों में अत्याधुनिक शिक्षा सुविधाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। अब शिक्षा स्तर को ऊंचा उठाना है। इसके लिए शिक्षकों को भी अपने इस दायित्व का निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ करना चाहिए।

**बैठक में दिए ये निर्देश:** स्कूलों में मिड डे मील निर्धारित व्यंजनों के अनुसार ही तैयार करवाएं। स्कूलों में विद्यार्थियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यार्थियों का बौद्धिक स्तर बढ़े, इसके लिए प्रत्येक शनिवार को विभिन्न खेल व शिक्षा संबंधी प्रतियोगिताएं करवाएं। स्कूल के पुस्तकालय में किताबें अपडेट रखें, जिनका विद्यार्थियों को पूर्ण लाभ मिल सके। स्कूलों को जिस काम के लिए ग्रांट जारी की गई हैं, उनमें संबंधित कार्य निर्धारित समयावधि में पूरे करवाएं।

---



**सोनीपत।** सर्व कर्मचारी संघ के बैनर तले मीटिंग करते कर्मचारी।

# आज से गेट मीटिंग प्रारंभ 24 को प्रदर्शन का ऐलान

- सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर कर्मचारी जताएंगे प्रदेश सरकार के खिलाफ रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आवाहन पर शुक्रवार को गोहाना रोड स्थित सर्व कर्मचारी संघ कार्यालय में जिला कार्यकारिणी की विस्तारित मीटिंग जिला प्रधान देशराज नैन की अध्यक्षता में की गई। मीटिंग का संचालन जिला सचिव सुनील दत्त ने किया। बैठक को सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान धर्मवीर फौगाट ने संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर कर्मचारियों की उपेक्षा का आरोप लगाते हुए कहा की प्रदेश की सरकार पिछले 10 साल से कर्मचारी वर्ग की उपेक्षा की है। जिसमें तमाम प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने की पॉलिसी को होल्ड पर रख दिया, जिससे प्रदेश का एक भी कच्चा कर्मचारी पक्का नहीं हो सकता। नई भर्ती के नाम पर केवल डिंडोरी पीटा जा रहा है कि बिना पर्ची बिना खर्ची के भरती की गई है जबकि भ्रष्टाचार के अनेक मामले प्रदेश सरकार में उजागर हो चुके हैं। जिसमें एचपीएससी का पूर्व अध्यक्ष अब भी जेल में बंद है। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने निर्णय लिया है कि 16 जुलाई से 30 जुलाई तक पूरे प्रदेश में डीसी कार्यालय पर बड़े प्रदर्शन किए जाएंगे। सोनीपत जिले के कर्मचारी तमाम विभागों से हजारों की संख्या में 24 जुलाई को शहर में बड़ा प्रदर्शन कर डीसी के माध्यम से मुख्यमंत्री हरियाणा को 15 सूत्री मांगों का ज्ञापन भेजा जाएगा। इससे पहले आज से ही तमाम विभागों में जाकर गेट सभा आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर राज्य कमेटी के नेता विजेंद्र चहल, जगमंदिर, सीलक राम मलिक, रिटायर कर्मचारी संघ के राज्य सचिव जय भगवान दहिया, पूर्व जिला प्रधान रामेहर शर्मा, देवेंद्र दहिया, वर्कर यूनियन से मुकेश, आईटीआई से मुकेश नेहरा, आईसीडीएस से प्रवीन मोर, मुरथल विश्वविद्यालय से बिजेंद्र, श्यामसुंदर, ब्लॉक गोहाना से सचिन सुरेश यादव, कथुरा से दिलावर चहल, खरखौदा से रमेश मलिक, सोनीपत से आनंद हुड्डा आदि मौजूद रहे।

---

# प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी: सुरेश

- कांग्रेस नेता व त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष ने चलाया जन सर्म्पक अभियान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

कांग्रेस नेता एवं त्यागी समाज के प्रदेशाध्यक्ष सुरेश त्यागी धतुरी ने हलके के गांवों के अलावा नई अनाज मंडी में आढ़तियों के साथ बैठक कर पार्टी की नीतियों का प्रचार- प्रसार अभियान चलाया। त्यागी ने संबोधित करते हुए कहा कि आने वाला समय कांग्रेस पार्टी का है पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा का है क्योंकि इस सरकार के 10 साल के राज में लोग उब चुके हैं चाहे महंगाई की मार हो चाहे बेरोजगार की मार हो, चाहे सरकारी दफ्तर में काम ना होने की कारण लोगों का भी सरकार से मोह भंग हो चुका है क्योंकि कॉलोनीयों के अंदर भी लोगों की समस्याएं खत्म होने का नाम नहीं ले रही। उनके सभी के राशन कार्ड नहीं बन पाए जो फैमिली आईडी के कारण ज्यादा इनकम दिखा करके पेंशन काटी थी वह पेंशन नहीं बन पाई। कांग्रेस नेता सुरेश त्यागी ने कहा कि इस तरह की अनेक समस्याओं से गन्नौर के लोग झूझ रहे हैं और आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी के प्रति चौधरी भूपेंद्र सिंह हुड्डा जी के प्रति विश्वास व्यक्त करते है और सरकार को हरियाणा के अंदर उखाड़ फेंकने का काम करेंगे और कांग्रेस पार्टी की सरकार बनाने का मन लोग बना चुके है। इस मौके पर उनके साथ सतबीर, महेन्द्र, रणबीर, विकास आदि थे।



सुरेश त्यागी धतुरी आढ़तियों का पार्टी की नीतियों से अवगत कराते हुए।

### नप करवाएगी महाराजा दक्ष प्रजापति द्वार का निर्माण

**गोहाना।** नगर परिषद (नप) गोहाना शहर में रोहतक रोड पर महाराजा दक्ष प्रजापति का द्वार के निर्माण के साथ सडक के सौंदर्यकरण का काम भी करवाएगी। इस कार्य पर 2.37 करोड़ रुपये खर्च होंगे। शुक्रवार को नगर परिषद की अध्यक्ष रजनी विरमानी ने द्वार निर्माणकार्य के साथ रोड सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास किया। दूसरी तरफ नप जल्द शहर में सोनीपत रोड पर संत कबीर दास द्वार भी बनाएगी। यह मुख्यमंत्री की घोषणा पर बनाया जाएगा। नगर परिषद की अध्यक्ष रजनी विरमानी ने लोगों की मांग पर रोहतक रोड पर द्वार बनवाने की घोषणा की थी। शुक्रवार को अध्यक्ष विरमानी ने रोहतक रोड पर नगर परिषद की सीमा पर द्वार का शिलान्यास किया। इसके साथ में रोहतक रोड पर सुंदरीकरण के कार्य होंगे। अध्यक्ष ने प्रजापति समाज के लोगों से आह्वान किया कि वे अपनी देखरेख में काम करवाएं और कहीं अनियमितता नजर आने पर उन्हें या अधिकारियों को शिकायत दें। इस मौके पर नगर भाजपा के वरिष्ठ नेता इंद्रजीत विरमानी, पार्षद ज्योति, नान्हाराम, जगदीश राय, मुकेश देवगन, जतीश कपूर, निपुण सराहवत आदि मौजूद रहे।

# जलवायु नियंत्रण को पेड़ लगाएं : विवेक

- पौधा लगाने के साथ-साथ उनका संरक्षण भी हमारी ही जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

एसडीएम विवेक आर्य ने गढ़ी उजाले खां स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में पौधारोपण किया। कार्यक्रम में उन्होंने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके प्रार्थना सभा में विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पेड़ों से हमें स्वच्छ प्राण वायु, भोजन, दवाइयां और इमारती लकड़ी प्राप्त होती है। पेड़-पौधे हमारे प्राण दाता हैं। इनके बिना पृथ्वी पर जीवन संभव ही नहीं है। पेड़ जलवायु को नियंत्रित करने तथा जैव विविधता की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ग्लोबल वार्मिंग से उत्पन्न प्राकृतिक आपदाओं को वृक्षारोपण की मदद से ही कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण हम सब की जिम्मेदारी है। इसके लिए बरसात के मौसम में हर व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उस पौधे की नियमित रूप से देखभाल की जिम्मेवारी भी लेनी चाहिए। कार्यक्रम में विवेक आर्य ने गुरु-शिष्यों को पौधरोपण करने तथा उनके संरक्षण की करने की शपथ भी दिलवाई। प्रवीन मोर और प्राचार्य सुशील बंसल सहित विद्यालय के स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।



शिक्षक और विद्यार्थियों के साथ पौधरोपण करते एसडीएम विवेक आर्य।

---

### लिखाई सुधार के लिए अक्षरों की गोलाई पर ध्यान दें

गोहाना। विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा शहर में गुढ़ा रोड पर संचालित गीता विद्या मंदिर में सुलेख सुधार विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य अश्वनी कुमार ने की । मार्गदर्शन विद्यालय प्रबंधक डॉ. मनोज शर्मा का रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपदेशक डॉ. राजेश चौहान ने बताया कि बालक के लेख को सुंदर बनाने में आचार्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। लिखाई सुधार के लिए अक्षरों की गोलाई पर ध्यान देना आवश्यक है। सुलेख व्यक्तित्व का परिचायक है। जिस बच्चे की लिखाई सुंदर होती है उसे परीक्षा में अंक भी अच्छे मिलते हैं। कार्यक्रम में अक्षरों की बनावट से लेकर सीधे तथा गोलाकार वर्णों को बनाने का तरीका भी समझाया गया । कार्यक्रम में कक्षा अरुण से पंचम तक के सभी आचार्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।





**सोनीपत।** रेस्ट हाउस के सामने विरोध प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी।

### पांचवें दिन सफाई कर्मचारियों का प्रदर्शन जारी

**सोनीपत।** ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच यूनियन संबंधित मूल निवासी कर्मचारी कल्याण महासंघ सहयोग बली सेना द्वारा नगर निगम में विरोध प्रदर्शन पांचवें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन की अध्यक्षता यूनियन प्रधान मुकेश टांक ने और संचालन यूनियन सचिव सावन कुमार ने किया। यूनियन प्रधान मुकेश टांक के नेतृत्व में कर्मचारियों ने नारेबाजी की। इस दौरान ठेका सफाई कर्मचारियों को पे-रोल पर लेने की मांग उठाई गई। अगर कर्मचारियों को पे-रोल नहीं दिया गया तो प्रदर्शन जल्द ही आंदोलन का रूप ले लेगा। जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से नगर निगम प्रशासन की होगी। इस दौरान राष्ट्रीय कार्यालय सचिव सुधीर भी अपनी टीम के साथ प्रदर्शन के लिये पहुंचें। इस मौके पर सचिव सावन कुमार, कोषाध्यक्ष अनिल, ऑडिटर आकाश, उपप्रधान रविंद्र, सह-सचिव विकास बिडलान, मीडिया प्रभारी प्रवीन कुमार, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कर्मा, गुलजार सिंह आदि मौजूद रहे।

### सर्वोतम माता प्रतियोगिता में सपना अव्वल

गन्नौर। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अहीर माजरा सर्कल की सर्वोतम माता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डब्ल्यू सीडीपीओ निर्मल देवी ने शिरकत की। सर्कल स्तर पर हुई प्रतियोगिता में मौखिक रूप से सवाल पूछे गए। जिसमें खेड़ी गुज्जर गांव की सपना ने प्रथम, प्रियंका ने द्वितीय, अहीरमाजरा गांव की रेश्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता की प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए निर्मल देवी ने कहा कि सभी महिलाएं संस्थागत प्रसव कराएं। प्रसव के बाद दूध-दलिया का सेवन करें। बच्चे को 6 माह तक केवल मां का ही दूध पिलाएं और 6 माह के बाद बच्चे को ऊपरी आहार के साथ ही मां का दूध भी पिलाएं। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में ऐसी महिलाओं को चुना गया। इसके साथ ही इन माताओं के बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ हैं। उन्होंने बताया कि महिलाओं को बच्चों की देखभाल व आहर के बारे में जागरूक व प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रति वर्ष विभाग द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कराया जाता है।





### खेत में भरा दूषित पानी, ज्वार की फसल खराब

गन्नौर। बादशाही रोड पर अनुप नगर के पास एक सप्ताह पहले आई तेज बरसात में गंदे पानी का नाला टूट गया। इस कारण नाले का गंदा पानी साथ लगते एक खेत में भर गया। इससे खेत में लगी ज्वार की खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। खेत मालिक द्वारा नाला टूटने की सूचना देने के बाद भी प्रशासन द्वारा तत्काल सुध नहीं ली गई। जिससे खेत मालिक में प्रशासन के प्रति रोष है। खेत मालिक कृष्ण त्यागी ने बताया कि उनके बादशाही रोड पर अनुप नगर के पास खेत हैं। खेत में उन्होंने ज्वार की फसल लगा रखी थी। उनके खेत के साथ सड़क पर लगता गंदे पानी का नाला गुजर रहा है। पिछले सप्ताह हुई तेज बरसात के कारण नाला अचानक टूट गया और नाले का सारा गंदा पानी उनके खेत में जमा हो गया। जिससे उनकी ज्वार की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। उन्होंने बताया कि नाला टूटे एक सप्ताह बीत चुका है, लेकिन प्रशासनिक अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

---

### विधायक ने सेक्टर-15 में पौधरोपण कर क्षेत्रवासियों की सुनी समस्याएं

# जनसमस्याओं के हल में विलंब न करें: सुरेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि जनसमस्याओं का समाधान करने में अधिकारी विलम्ब न करें। कई बार विभाग की लापरवाही की वजह से छोटी समस्या विकराल रूप धारण कर लेती है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने शहीद भगत सिंह कालोनी स्थित पार्क में पौधारोपण करने के उपरांत कालोनिवासियों की समस्याएं सुनी व अधिकारियों को तुरंत समस्याओं का समाधान करने का निर्देश दिया। कालोनिवासिों ने विधायाक सुरेंद्र पंवार को बताया कि शहीद भगत सिंह कालोनी स्थित पार्क में माली नियुक्त नहीं किया गया है, जिसकी वजह से पेड-पौधों की सही तरीके से देखभाल नहीं की जा रही। हल्की बारिश आते ही पार्क में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती थी। जिसकी वजह से पार्क में सैर करने वालों को पार्क से वंचित रहना पड़ता है। उन्होंने बताया कि पार्क के साथ में निगम का कम्यूनिटी सेंटर है, उसकी हालत भी दयनीय है। कम्यूनिटी सेंटर में न तो सफाई व्यवस्था न ही उसकी पूर्ण रूप से देखभाल हो रही है। कम्यूनिटी सेंटर में बने हुए टॉयलेट की स्थिति भी ठीक नहीं है। सफाई के आभाव की वजह से शौचालय के लिए ईधर-उधर भटकना पड़ता है। विधायक सुरेंद्र पंवार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी सार्वजनिक स्थानों पर बने शौचालयों की सफाई व्यवस्था पुख्ता रखी जाए। पार्क में जलभराव की समस्या का समाधान हर हाल में तुरंत से तुरंत अधिकारी करें। विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि पौधरोपण वर्तमान व भावी पीढ़ी के लिए बहुत जरूरी है। इस दौरान नरेंद्र हुड्डा, राजेश दहिया, मास्टर दिलबाग, अंकेश राठी, नरेंद्र, आशीष, भलेराम जांगड़ा, कमल हसीजा, नरेंद्र गोयल, संजीव खत्री, नरेश, मनोज गुप्ता, बबला, सुरेंद्र हैली, लाजपत मुखी, संजय वधावन, केसी बत्रा, यशपाल डूडेजा, सरदार मोहन सिंह मनोचा, बिजेंद्र मलिक पार्षद, राजन खुराना, राजेश मिड्ढा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।



**सोनीपत।** लोगों के साथ विधायक सुरेंद्र पंवार। *फोटो :हरिभूमि*

### नालंदा वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने बांटे पौधे

**गोहाना।** गोहाना-जींद मार्ग पर स्थित नालंदा वर्ल्ड स्कूल के बच्चों ने सडक से गुजर रहे वाहनों को रोका तथा उनमें बैठे लोगों में पौधे बांटे। यह अभियान एक सप्ताह तक चला जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। अध्यक्षता स्कूल की प्रिंसिपल अनुपमा चौधरी ने की। मुख्य अतिथि स्कूल की निदेशक रीना मलिक रहीं। स्कूल के परिसर में बच्चों ने तुलसी, नीम, जामुन, अमरूद और आम सहित विभिन्न फलदार और छायादार पौधे रोपे। कक्षा एक और दो के बच्चों ने पौधारोपण पर पोस्टर बनाए तो कक्षा 3 से 5 के बच्चों ने स्लोगन तैयार किए। निदेशक रीना मलिक ने पौधारोपण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि जितने ज्यादा पौधे लगाए जाएंगे, वातावरण उतना ही अधिक शुद्ध होगा। प्रिंसिपल अनुपमा चौधरी ने बच्चों को अपने-अपने जन्मदिन पर न्यूनतम दो पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया।

### सूचना

मैं, आजाद सिंह पुत्र श्री चन्दगीराम निवासी कुराड़ इब्राहिमपुर तह. व जिला सोनीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र नीरज व उसकी पत्नी प्रियंका मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### सूचना

मैं, जगदीश गुप्ता पुत्र श्री किशोरी लाल निवासी म नं, 78 ए नजदीक अग्रसेन भवन ,सैक्टर 14 सोनीपत 131001 बयान करता हूं मैंने अपना नाम जगदीश प्रसाद गुप्ता से बदल कर जगदीश गुप्ता रख लिया है। भविष्य में मुझे जगदीश गुप्ता के नाम से ही जाना जाए।

## खबर संक्षेप

### रोटरी अरडेंट को कोहिनूर क्लब का मिला खिताब

**सोनीपत।** रोटरी क्लब ऑफ सोनीपत अरडेंट को डिस्ट्रिक्ट थैंक्स गिविंग समारोह में क्लब के उत्कृष्ट सामाज सेवा कार्यो के लिए सर्वोच्च कोहिनूर क्लब का खिताब दिया गया। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर प्रिय तोष गुप्ता ने यह अवार्ड क्लब के 2023-24 के प्रधान डॉ. निखिल चुघ को उनके कार्यकाल में हुए विशेष समाज सेवा कार्यो के लिए दिया। इस अवसर पर क्लब कर सचिव पुनीत, क्लब संदीप आहुजा, संजय अंतिल, विनीत, विपुल कुच्छल, रिम्पी, विकी, साक्षी, डॉ. मंजीत कोर, सरिता आहूजा आदि मौजूद रहे।

### घर के बाहर खड़ी गाड़ी के पार्ट चोरी, केस दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के सेक्टर-12 में घर के बाहर खड़ी गाड़ी के पार्ट चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। सेक्टर-27 निवासी सतीश कुमार ने बताया कि उसने अपनी कार को रोज की तरह शाम को गाड़ी को घर के बाहर खड़ा किया था। सुबह उठकर देखा तो गाड़ी की पिछली सीट के बाई तरफ का शीशा टूटा हुआ मिला। किसी ने गाड़ी का सेटोरियों व अलग पार्ट गायब मिले। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

### किराएदार का मोबाइल चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सेक्टर-27 शहर थाना क्षेत्र के गांव फाजिलपुर में चोर किराएदार का मोबाइल चोरी कर ले गए। फाजिलपुर में किराए पर रहने वाले विनीत ने बताया कि वह फाजिलपुर में किराए पर रहते हैं। रात को वह अपने किराए के कमरे में सोए थे। जब सुबह उठे तो उनका मोबाइल नहीं मिला। मोबाइल को रात को कोई चोरी कर ले गया।

### युवक की हत्या में दो सगे भाई गिरफ्तार

**सोनीपत।** नेशनल हाईवे पर स्थित गांव रसोई के पास हमले में घायल दो दोस्तों में से एक की मौत होने के बाद मामले में हत्या की धारा जोड़ी गई थी। मामले में पुलिस ने आरोपित दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के नाम गांव रसोई निवासी साहिल व यश है।

### परिजनों ने जाम लगाने की कोशिश की, पुलिस ने समझाकर किया शांत

# ब्लाइंड मर्डर : खेत में घूमने निकले युवक की गला दबाकर की हत्या

- गांव नाहरा में धान के खेत में अर्धनग्न मिला युवक का शव

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

कुंडली थाना क्षेत्र के गांव मंडोरा से तड़के घूमने निकले युवक की गांव नाहरा के खेत में उसकी कमीज से ही गला दबाकर हत्या कर दी गई। उनका शव गांव नाहरा में धान के खेत में अर्धनग्न मिला है। सुबह किसान खेत में पहुंचे तो हत्या का पता लगा। जिस पर पुलिस को अवगत कराया। सूचना के बाद कुंडली थाना की बारोटा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों ने जाम लगाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने समझाकर शांत कर दिया। गांव मंडोरा निवासी दीपक ने बताया कि वह गाड़ी चालक है। उसका बड़ा भाई सोनू (36) मेहनत-मजदूरी का काम करता था।



**सोनीपत।** अस्पताल में शव लेने पहुंचे परिजन व इनसेट में मृतक का फाइल फोटो

### सुबह घूमने निकला था वापस घर नहीं लौटा

वह शुक्रवार तड़के चार बजे घर से घूमने के लिए निकला था। उसके बाद वह वापस नहीं लौटा। सुबह करीब साढ़े नौक बजे उन्हें सूचना मिली कि उनका शव गांव नाहरा में किसान बलविंदर के धान के खेत में पड़ा है। जिस पर वह खेत में पहुंचे तो देखा कि पुलिस ने शव को खेत से निकालकर पहचान के लिए सड़क पर रख रखा था। उन्होंने मौके पर पहुंचकर अपने भाई के शव की पहचान की। उनके भाई की कमीज से गला घोंटकर हत्या की गई थी। उनके भाई की कमीज बाजू से उनके गले पर कसी मिली। उनके भाई के कान से खून निकला था। उन्होंने अज्ञात पर हत्या का शक जताया है। जिस पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने जब गांव नाहरा में धान के खेत में शव पड़ा होने का पता लगा तो देखा कि उनके शरीर पर काफी मिट्टी लगी है। जिससे लगता है कि उन्होंने बचाव को संघर्ष किया होगा। उनके भाई का आरोप है कि हत्या कर उनके भाई को धान के खेत में फेंका गया होगा।

### किसान खेत में पहुंचा तो मिला शव

गांव नाहरा निवासी बलविंदर सुबह अपने खेत में पहुंचे तो शव को देखकर पुलिस को अवगत कराया। बलविंदर ने पुलिस को बताया कि वह देर रात खेत में सिंचाई कर अपने घर गए थे। शुक्रवार सुबह खेत में पहुंचे तो युवक का शव पड़ा मिला। उन्होंने पुलिस के साथ ही गांव के सरपंच एवं दहिया चौबीसा के प्रधान अधिवक्ता उमेश दहिया को भी सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आसपास पता किया तो शव की पहचान हो सकी।

### हत्यारोपियों की तलाश जारी

खेत में शव मिलने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर एफएसएल की टीम ने नमूने एकत्रित किए है। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर नागरिक अस्पताल में भिवजाया। जहां शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। वहीं ग्रामीणों ने जाम लगाने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों को समझा दिया गया। जल्द हत्यारोपितों की तलाश कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।
**एसआई परमजीत सिंह**, जांच अधिकारी कुंडली।

## शिक्षा की जीवन में अहम भूमिका : वीरेंद्र कादियान



**गन्नौर।** मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान स्टेशनरी वितरित करते हुए।

- दादा खेड़ा सेवा दल ने राजकीय स्कूल भांवर में बच्चों को स्टेशनरी व फल वितरित किए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर**

गांव भांवर स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला में कार्यक्रम का आयोजन किया है। दादा खेड़ा सेवा दल द्वारा स्कूली बच्चों में स्टेशनरी व खाने का सामान वितरित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स एमडी एवं समाजसेवी वीरेंद्र कादियान ने बच्चों को स्टेशनरी बांटी और सेवा दल के इस कार्य की सराहना की। मुख्यातिथि वीरेंद्र कादियान ने बताया कि शिक्षा की जीवन में अहम भूमिका होती है और उस के माध्यम से ही देश में सफल नागरिक बन सकते हैं और परिवार समाज और देश की उन्नति में अपना पूर्ण सहयोग दे सकते हैं। उन्होंने जीवन के नैतिक मूल्यों और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। बच्चों को यह शैक्षिक सामग्री उपलब्ध कराने का उद्देश्य उनकी शिक्षा निरन्तर बनाए रखना है। दादा खेड़ा सेवा दल आगे भी इन बच्चों को ऐसे ही सहायता पहुंचाता रहेगा ताकि ये बच्चे अपने उज्जवल भविष्य का निर्माण कर सके। इस दौरान स्कूल के मुख्य शिक्षक राजेश कुमार ने मुख्यातिथि वीरेंद्र कादियान व संस्था के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रामकिशन कश्यप, प्रेम कश्यप, मंजीत कश्यप, रोहित, सौरभ तुर, आनन्द कश्यप, रविंद्र कुमार, सुभाष रोहिल्ला आदि मौजूद रहे।

## जिला पार्षदों ने दिया चार दिन का अल्टीमेटम

- पार्षदों ने की पत्रकारवार्ता, विकास कार्यों के लिए मांगा बजट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

जिला पार्षदों ने सरकार को चार दिन का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि सरकार जिला पार्षदों की मांगों को पूरा करें नहीं तो जिला पार्षद सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलेंगे। अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार जिला पार्षद संजय बड़वासनिया ने कहा कि पंचायती राज की सबसे बड़ी संस्था होने के बावजूद भी जिला पार्षद के पास कोई भी अधिकार नहीं है वह अपनी मर्जी से 1 रुपया भी विकास कार्य के लिए खर्च नहीं कर सकता। विधायक की तर्ज पर जिला पार्षदों का 50 लाख का कोटा प्रतिवर्ष तय किया जाए। उन्होंने कहा कि पंचायत में काम बांटने के कारण जिला परिषद की शक्तियां कम कर दी गई है। पंचायत में सभी सरपंच, ब्लॉक समिति मेंबर, जिला पार्षद सभी को कार्य करने की स्वतंत्रता हो और विकास कार्य अपनी मर्जी से करवा सके। जिला प्लान कमेटी का गठन हो।



**सोनीपत।** पत्रकारवार्ता में मौजूद जिला पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि।

पूरे प्रदेश में जिला पार्षदों को टोल फ्री किया जाए। जिला पार्षद क्षेत्र के 50 हजार से 55 हजार वोट का प्रतिनिधित्व करता है, उसके बावजूद भी पार्षद की हालत ग्राम पंचायत के मेंबर से भी बुरी है। खुद का बजट न होने के कारण गांव में विकास कार्य करवाने में पार्षद सक्षम नहीं है, टेंडर प्रक्रिया में भी कई कई महीने लग जाते हैं। इस अवसर पर झज्जर से संजय मुंडाहेड़ा, देवेंद्र कुमार, संत कुमार, सुरेश मलिक, कल्पना मोनू बाघडू, रवि इंदौरा, राजेश गंगाना, संजय बड़वासनिया पार्षदों समेत पार्षद प्रतिनिधि यशपाल, राजेश, कुलदीप, सतीश, सुरेश, जयसिंह आदि मौजूद रहे।

### कंपनी से कर्मचारी ने ही चोरी किया सामान

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना क्षेत्र में कंपनी से सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी का पर्दा कंपनी में लगे सीसीटीवी की जांच करने पर लगा। बहादुरगढ़ हाल में बहालगढ़ स्थित कंपनी निवासी अजय ने बताया कि उनकी कंपनी में काफी दिनों से सामान चोरी होने की शिकायत मिल रही थी। इस संबंध में गत 27 जून की सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली तो उसमें आकाश नाम का युवक जोकि कंपनी में नौकरी करता था। वह चोरी करते हुए दिखाई दिया। उसके बाद 20 जून की सीसीटीवी की जांच की। उसमें भी कर्मचारी घड़ी व कानों की लीड चोरी करते हुए पाया गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## हरियाणा में करेंगे बदलाव : सतनारायण

- आप नेता सतनारायण ने किया प्रदेश में बदलाव जनसंवाद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई**

आम आदमी पार्टी के नेता मास्टर सतनारायण आंतिल ने प्रदेश में बदलाव जनसंवाद किया। उन्होंने जनता को दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी द्वारा दी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। आंतिल हलके के गांव नांगल सहित आधा दर्जन गांवों में ग्रामीणों को पार्टी की नीतियों से अवगत करवा रहे थे। उन्होंने बताया कि अरविंद केजरीवाल दिल्ली और पंजाब की जनता की जिंदगी में बड़े सुधार लेकर आए हैं। इस दौरान लोगों से विचारों का आदान प्रदान हुआ। उन्होंने कहा आज हरियाणा की जनता बदलाव चाहती है। बीजेपी की नीतियों से जनता त्रस्त है। वहीं लोगों ने विश्वास दिलाया कि आने वाले विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी का साथ देंगे और केजरीवाल की सोच वाली सरकार हरियाणा प्रदेश में बनाएँगे। उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब की तर्ज हरियाणा में जनता को फ्री बिजली और फ्री शिक्षा समेत तमाम सुविधाएं देने का काम करेगी। उन्होंने कहा आज प्रदेश की जनता बीजेपी के राज में त्रस्त है। कानून व्यवस्था का दिवाला निकल चुका है। प्रदेश में खुलेआम फिरौती मांगी जा रही हैं, मर्डर हो रहे हैं। आम जनता तो क्या पुलिस भी सुरक्षित नहीं है। जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। इस मौके पर उनके साथ सुरेश फौजी, सुखबीर आंतिल, जगमेन्द्र, प्रेम योगी, प्रेम दीपालपुर आदि मौजूद थे।




**राई।** आप नेता एवं शिक्षा सैल के जिलाध्यक्ष मास्टर सतनारायण आंतिल ग्रामीणों को संबोधित करते हुए।

## नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म के दो आरोपी काबू, जेल भेजे

**सोनीपत।** सेक्टर-27 थाना पुलिस व क्राइम यूनिट सेक्टर-27 ने अलग-अलग दो मामलों में नाबालिग लड़कियों से दुष्कर्म करने की वारदात में शामिल आरोपितो को गिरफ्तार किया है। आरोपितो को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। एक व्यक्ति ने पुलिस शिकायत में बताया था कि उसकी नाबालिग लड़की से आरोपित ने दुष्कर्म करने व किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। उसकी बेटी गुमशुम रहने लगी। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। उप निरीक्षक कुलदीप की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वहीं दूसरे मामले में पुलिस ने आरोपित सर्वेश को गिरफ्तार किया है। जांच अधिकारी उप निरीक्षक संदीप ने बताया कि उन्हे गत 23 मई को एक व्यक्ति ने शिकायत देकर बताया था कि किसी ने उसकी नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया है। पुलिस ने इस संबंध में भारतीय दंड संहिता व पोक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लड़की को बरामद कर लिया। लड़की का मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाए। उसके बाद मामले में अन्य धाराओं को जोड़ा गया। उप निरीक्षक संदीप की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नही हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## शिविर में 141 शिकायतें आई, 20 का समाधान

- शुक्रवार को जिले में लगाया गया 19वां समाधान शिविर

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

समाधान शिविर की कड़ी में शुक्रवार को जिले में 19वां शिविर आयोजित किया गया। जिसमें कुल 141 शिकायतें सामने आई। इन 141 में से केवल 20 शिकायतों का ही मौके पर निपटान संभव हो पाया। वहीं 121 शिकायतों को लंबित की श्रेणी में रखा गया है। कुल शिकायतों की बात करें तो 10 जून से शुरू किए गए समाधान शिविर में अब तक कुल 1956 शिकायतें आ चुकी हैं, जिसमें से केवल 417 शिकायतों का ही मौके पर समाधान संभव हो पाया है। 1539 शिकायतें लंबित रखी गई हैं। लघु सचिवालय में जिला स्तरीय समाधान शिविर का आयोजन उपायुक्त डा. मनोज कुमार की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनके निराकरण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उपायुक्त द्वारा समस्याओं के जल्द से जल्द समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी आमजन की शिकायतों को जल्द से जल्द दूर करें। इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त अंकिता चौधरी भी मौजूद रही।




**सोनीपत।** लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारीगण।

### 20 शिकायतें रजिस्ट्री और इंतकाल से संबंधित

शुक्रवार को जो 141 शिकायतें सामने आई हैं, उनमें सबसे अधिक शिकायतें परिवार पहचान पत्र और आधार कार्ड से संबंधित थी। इस श्रेणी में कुल 54 शिकायतें आई, जिसमें से केवल 2 का ही समाधान मौके पर हुआ, बाकि 52 को लंबित की श्रेणी में रखा गया है। वहीं 20 शिकायतें रजिस्ट्री और इंतकाल से संबंधित थी, जिसमें से केवल 1 शिकायत का मौके पर समाधान हुआ, बाकि 19 शिकायतें लंबित रखी गई हैं। विकास से संबंधित 11 शिकायतों में से 7 का समाधान हुआ और 4 लंबित रखी गई। इसी तरह सोशल वेलफेयर से संबंधित 12 शिकायतों में से 8 का समाधान हुआ और 4 लंबित रखी गई।

## संसद में नीट पर चर्चा नहीं, छात्रों का भविष्य अंधेरे में



राई। सेरसा में ग्रामीणों को संबोधित करते कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल।

- कांग्रेस नेता संजय आंतिल ने ग्रामीणों को किया संबोधित

**राई।** राई हलके से कांग्रेस नेता एवं एडवोकेट संजय आंतिल ने कहा कि भाजपा ने लोकसभा चुनाव में जब 400 पार का नारा दिया तो कांग्रेस पार्टी ने इसके पीछे छुपी साजिश को जनता के सामने लाने का काम किया। देश में कांग्रेस पार्टी व इंडिया गठबंधन ने देश की जनता के सामने यह बात रखी तो जनता समझ गई। आंतिल सेरसा गांव में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। इस चुनाव में भाजपा ने आपातकाल का मुद्दा इसलिए उठाया कि इसको लेकर अलग-अलग राय होने की वजह से विपक्ष बंट जाएगा लेकिन इंडिया गठबंधन के नेता बात को समझ गए। उन्होंने कहा कि आज सबसे बड़ा मुद्दा नीट है। संसद में नीट, मंहगाई व बेरोजगारी पर कोई चर्चा नहीं हुई। नीट को लेकर 37 लाख छात्रों को भविष्य अधर में हैं। इस मौके पर गणमान्य लोग मौजूद थे।

### मशीन चोरी करने के तीन आरोपी जेल भेजे

**सोनीपत।** बहालगढ़ थाना पुलिस ने कंपनी से मशीन चोरी करने की वारदात में शामिल तीन आरोपितो को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया। जहां से तीनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया। रोहणी दिल्ली निवासी अंकित ने बताया कि वह गंगा-जमुना स्टील कंपनी में काम करता है। 23 जून की रात एक मैटल चैक करने वाली मशीन चोरी हो गई। रात को डयूटी परतैनात कुलदीप, मोहम्मद कालिम, विनोद, जोगिंद्र, अखिलेश, शिवम, अनिकेश, जीतू ने मिली भगत करके मशीन को चोरी कर लिया। अपने स्तर पर मशीन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस ने तीन आरोपितो को गिरफ्तार कर लिया। आरोपितो के पास से चोरी की मशीन को बरामद कर लिया है। आरोपितो को जेल भेज दिया गया है।

### कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्राओं के साथ संवाद

# छात्राओं को बनाया जा रहा आत्मनिर्भर

- प्लेसमेंट के दौरान छात्राओं ने ट्रेनिंग अनुभव भी साझा किए

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना**

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ रोजगारपरक शिक्षा प्रदान कर अपनी छात्राओं को आत्मनिर्भर तथा उद्यमिता योग्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विश्वविद्यालय के सभी पेशेवर पाठ्यक्रम बुनियादी ढांचे के माध्यम से कॉरपोरेट के लिए कुशल कार्यबल प्रदान करने के लिए तैयार किए गए हैं। यह उद्गार महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने आज कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्राओं के साथ संवाद करते हुए व्यक्त किए। रुहिल फ्यूचर टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड (आरएफटीपीएल) द्वारा लीगल, प्रबंधन, आईटी व एचआर विभाग में बतौर ट्रेनी चयनित छात्राएं अपनी ट्रेनिंग शुरू होने उपरांत कुलपति से शिष्टाचार भेंट करने पहुंची थी। छात्राओं ने कुलपति को पुष्प गुच्छ भेंट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान छात्राओं ने अपने ट्रेनिंग अनुभव भी साझा किए। कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं को बधाई दी और उद्यमिता से संबंधित कौशल विकसित करने तथा आइडियाज को स्टार्टअप के रूप में परिवर्तित करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। शिष्टाचार भेंट करने पहुंची छात्राओं में लवली, अनुष्का दयाल, दिव्यांशु, रितिका, रिया, मुस्कान, मीना, संध्या, अंजलि व गोमती शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यवाहक कुलसचिव प्रो श्वेता सिंह तथा आरएफटी के ट्रेनर निखिल शर्मा एवं सोमदेव तंवर भी उपस्थित रहे।



**गोहाना।** कैंपस प्लेसमेंट में चयनित छात्राओं के साथ महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## जीवीएम गर्ल्ज कॉलेज की छात्राओं ने विवि स्तर पर कब्जाया स्थान



**सोनीपत।** विवि स्तर पर स्थान बनाने वाली छात्राएं साथ में प्राचार्या।

**सोनीपत।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक द्वारा घोषित किये गये एमएससी गणित के सैमेस्टर-1 व 3 में जीवीएम गर्ल्ज कालेज की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय स्तर पर कालेज का नाम रोशन किया है। जीवीएम की छात्राओं ने दोनों सैमेस्टरों में विश्वविद्यालय की मैरिट सूची में पांच स्थान अपने नाम किये हैं। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्या ने बताया कि एमएससी गणित के सैमेस्टर-01 में कालेज की तीन छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप-20 सूची में नाम दर्ज करवाया है। इनमें निकिता ने 10वां स्थान, जान्हवी ने 17वां स्थान और अंजलि ने 20वां स्थान हासिल किया। प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने जानकारी दी कि एमएससी गणित के सैमेस्टर-03 में जीवीएम की छात्रा अन्नू ने तीसरा स्थान तथा दिव्या ने चौथा स्थान प्राप्त किया। प्राध्यापिकाओं रोहिणी मदान, मीतू मनोचा, टिना, सपना तथा प्रियंका ने भी छात्राओं को बधाई दी।